**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4268**
**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राजस्थान में चिकित्सा संस्थान**

**4268. श्री अमरा राम:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में कितने चिकित्सा संस्थान हैं;

(ख) उक्त संस्थानों में कितने पद स्वीकृत हैं और कितने पद रिक्त हैं; और

(ग) उक्त रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा कब तक भर्ती करने का विचार है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): हेल्थ डायनेमिक्स ऑफ इंडिया (एचडीआई) (अवसंरचना और मानव संसाधन), 2022-23 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए स्वास्थ्य परिचर्या प्रशासनिक आंकड़ों के आधार पर एक वार्षिक प्रकाशन है। राजस्थान सहित देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जनशक्ति की स्थिति के साथ स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे का विवरण एचडीआई 2022-23 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से अल्पसेवित और वंचित समूहों के लिए स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार करने, स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में पर्याप्त मानव संसाधनों की उपलब्धता और पहुंच में सुधार करने के लिए सहायता प्रदान करता है। एनएचएम के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के रिकॉर्ड (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों के लिए अनुमोदन प्रदान करती है। तथापि, जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में मानव संसाधनों को लगाने /उनकी उपलब्धता का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार का है।

*****